प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अक्तूबर 2026

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अक्तूबर 2026

वर्ष 2026 के अक्तूबर माह के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) के ऋण और जमा दर संबंधी आंकड़े सारणी 1 से 9 में दिए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अगस्त 2026 की तुलना में, सितंबर 2026 में 8.96 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बनी रही।
- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर, अगस्त 2026 के 8.61 प्रतिशत की तुलना में, सितंबर 2026 में घटकर 8.51 हो गई।
- एससीबी की एक वर्षीय निधि की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) की माध्यिका सितंबर 2026 के 8.61 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2026 में घटकर 8.55 हो गई।
- सितंबर 2026 में, नए और बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर में विभिन्न क्षेत्रों में मिश्रित रुख देखा गया।

जमा दरें:

- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अगस्त 2026 के 6.56 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2026 में 6.55 प्रतिशत हो गई।
- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर डब्ल्यूएडीटीडीआर अगस्त 2026 के 5.67 प्रतिशत से घटकर सितंबर 2026 में 5.61 प्रतिशत हो गई।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/1416